दैनिक भास्कर 21/09/2024

विद्यार्थियों ने ऑर्गेनिक गार्डन किया तैयार

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में विद्यार्थियों ने ऑर्गेनिक गार्डन तैयार कर स्वस्थ भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल को इको एवं एसडीजी क्लब से डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. मीनू राठी, डॉ. शिखा जग्गी और डॉ. अमिता ने संयुक्त रूप से समन्वित किया, जबकि माली सुनील कुमार और गंगा प्रसाद ने इसकी देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण और स्थायी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस ऑर्गेनिक गार्डन में कई प्रकार की सब्जियां और फल लगाए हैं।